



# कड़ाके की ठंड में सर्दी जुखाम से हर दूसरा व्यक्ति हैं प्रभावित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर।दिसंबर माह आधे से ज्यादा बीत गया है कडाके की ठंड पड़ने लगी है। ठंड ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। शाम ढलने के बाद ठंड का असर रात भर रहता है। लेकिन सूर्यदेव के निकलने से ठंड पूरी तरह से गायब हो जाती है।**

वायरल फीवर का प्रकोप लगातार बरप रहा है। स्थिति यह है कि हर दूसरा व्यक्ति, सर्दी जुखाम से पीडित है। जिन व्यक्तियों की रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति मजबूत है वह तो बदलते मौसम को झेल लेते हैं। वहीं जो व्यक्ति शारीरिक रूप से इतना मजबूत नहीं होता वह वायरल फीवर की प्रकोप में आसानी से आ जाता है। घर में एक व्यक्ति के वायरल फीवर से पीडित होने के बाद अन्य सदस्य भी इसकी चपेट में आसानी से आ जाते हैं।

स्थिति यह है कि शासकीय अस्पतालों में आम व्यक्ति के बीमार होने के बाद सही उपचार सुविधा नहीं मिल पाती। लिहाजा उन्हें प्रायवेट चिकित्सा का सहारा लेना पडता है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने के लिए मरीज मजबूर हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने के बाद भी उनमें प्राथमिक चिकित्सा तक की सुविधा नहीं मिल पाती। कई स्वास्थ्य केद्रों में डॉक्टर नहीं हैं तो कुछ में कम्पाउंडर एवं एएनएम के सहारे ही उपचार की व्यवस्था बनाई गई है।

यहां के स्वास्थ्य केंद्रों में जाने पर सभी मर्जो के लिए एक ही दवा देने की व्यवस्था लागू है। उक्त दवा से मरीजों को कोई राहत न मिलने पर वह झोलाछाप डॉक्टरों से ही प्राथमिक उपचार कराते हैं। यदि राहत नहीं मिली तो उन्हें शहर की ओर उपचार कराने के लिए आना पडता है।

### जांच का बढ़ रहा बोझ

शहरी क्षेत्र की स्थिति यह है कि किसी भी मर्ज से पीडित व्यक्ति के प्रायवेट चिकित्सकों के पास जाने पर उन्हें एक से दो हजार रूपये की पैथॉलाजी जांच कराना अनिवार्य है। इसके बाद ही प्रायवेट चिकित्सकों द्वारा मरीज को दवाई लिखी जाती है। चर्चा के दौरान कई मरीजों ने बताया कि उन्हें सामान्य बुखार एवं सर्दी, जुखाम होने के बाद भी प्रायवेट उपचार कराने पर दो हजार रूपये तक का पैथालॉजी जांच एवं डॉक्टर की फीस एवं दवा मिलाकर करीब पांच हजार रूपये का खर्च बैठ रहा है इसी वजह से आर्थिक रूप से कमजोर लोग यह प्रयास करते हैं कि शासकीय अस्पताल में उपचार की सुविधा मिल जाए लेकिन वहां भी स्थिति यह है कि डॉक्टर अपने बंगले में ही मरीज का सही उपचार सुनिश्चित करते हैं।

### कमीशन की पर्ची

अब यह प्रचलन बढ गया है शासकीय डॉक्टर भी अपने खास पैथालॉजी सेंटर से जांच कराने के लिए भेजते हैं यदि उनसे संबंधित सेंटर से पैथालॉजी जांच न कराई जाए तो उसे मान्य भी नहीं किया जाता। इसी तरह डॉक्टरों द्वारा अपने संबंधित मेडिकल स्टोरों से दवाओं के लिए भी भेजा जाता है। जितने डॉक्टर हैं उनकी पसंद भी दवाओं को लेकर अलग अलग होने से पर्ची में लिखी दवाएं बनी हैं। चर्चा के दौरान अस्पताल के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि नामचीन डॉक्टर कभी कभार आउटडोर में दो चार मरीजों को देखने की औपचारिकता निभाते हैं और मौका देखकर अपने बंगले में जाकर मरीजों को देखना शुरू कर देते हैं। सरकारी अस्पताल की व्यवस्था में बदलाव न होने से लोगों का गुस्सा भी नजर आ रहा है।

# नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 19 दिसंबर। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चैधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत संलग्न सूची अनुसार नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी तारतम्य में देवेंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर युवा नेता मिलन कुशवाहा की नियुक्ति हुई हैं।**



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को नवनियुक्त अध्यक्ष का नगर में जुलूस निकाला गया जहां पर कांग्रेसी नेताओं द्वारा जगह जगह आतिशबाजी, पुष्पमाला, मिठाई खिलाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। यह जुलूस बडबारा मोड से मुख्य मार्गो मैंन तिराहा, बस स्टैंड में गुनौर विधानसभा बीएलए टू प्रभारी, जिला महामंत्री आशीष बागरी के निवास में, सलेहा रोड में निखिल विश्वकर्मा, ऋषभ गर्ग द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस का समापन मिलन वाटिका में हुआ जहां वक्ताओं द्वारा स्वागत भाषण दिए गए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता रमेश अग्रवाल द्वारा किया गया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया एवं पार्टी की रीति नीति,सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाऊंगा। स्वागत जुलूस में आनंद शुक्ला, आशीष बागरी, रामबहादुर द्विवेदी, महेंद्र बागरी, प्रिंस सिंह परमार, सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# छत्रसाल कालेज ने नेशनल स्कूल में किया कॉलेज चलो अभियान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर। उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया से पूर्व जिले में कॉलेज चलो अभियान को व्यापक रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।**




इसी क्रम में 18 दिसंबर को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना की शैक्षणिक टीम ने नगर के नेशनल हाइयर सेकेंडरी स्कूल में पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के निर्देशन तथा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल, पन्ना में डॉ. राजेश शर्मा एवं डॉ. अरविंद निषाद द्वारा मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विषयों, शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा विभाग की हितग्राही योजनाओं, एनसीसी/एनएसएस, खेल एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों तथा कैरियर मार्गदर्शन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ई-प्रवेश प्रक्रिया और प्रवेश से संबंधित आवश्यक चरणों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल भाषा में समझाया गया। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा उच्च शिक्षा को भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यालय भ्रमण के उपरांत कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ, उपस्थिति विवरण एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन अभियान संयोजक को उपलब्ध कराया गया। कॉलेज चलो अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही जानकारी प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना है।

# फास्ट फूड की दुकानों में मिलता है दूषित खाद्य पदार्थ

## जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर। आज कल लोग स्वाद का आनंद लेने के लिए फास्ट फूड की दुकानों पर तो पहुंच जाते हैं पर उनको यह नहीं मालूम रहता है कि उस दुकान की और उसके समान की गुणवत्ता कितनी है।**

देखने को यह मिलता है कि लोगों को घर की बनाई खाद्य वस्तु से बेहतर बाजार की बनाई वस्तु लगती है। परंतु यह नहीं देखा जाता है कि उसको स्वादिष्ट बनाने के लिए कितने खतरनाक केमिकल मिलाए जाते हैं या फिर इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता है कि उसमें नुकसान पहुंचाने वाली चीजें भी मिली हो सकती है। अपना स्वाद बनाने के लिए लोग जाने अनजाने में बीमारियों को मोल रहे हैं।

पूर्व मे पकड़े गये नकली पनीर, साफ्ट ड्रिंक और कुछ रेस्टारेंट में घटिया खाद्य सामग्री सोचने को मजबूर करती है कि हम अपने सेहत का कितना ख्याल रख रहे हैं किंतु खाने एवं पीने की क्वालिटी पर निगरानी रखना हर उपभोक्ता का दायित्व है। जिले में भी आए दिन लोग रोजगार समझ कर दुकान तो खोल लेते हैं पर यह नहीं समझते है कि इस रोजगार को जीवन के मूल्य से जोड़कर चलना चाहिए।

### तेजी से बढ़ रहा फॉस्ट फूड का प्रचलन

जानकारों का कहना है कि शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों मे भी जगह जगह फास्टफूड के सेवन का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। यह लोगों की सेहत के लिए खतरनाक हो रहा है। वहीं इससे ही कुछ बच्चों मे पेट गडबडी की शिकायत काफी बढ़ गई है। खाली पेट में फास्टफूड के लगातार सेवन से बच्चों में पेट और अन्य प्रकार के रोगों का खतरा बढ़ रहा है। हरी सब्जियां, सलाद आदि से लोग मुंह मोड रहे हैं। बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए उनके खान पान पर स्वजनों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

# विधायक ने धान खरीदी केन्द्र ककरहटी का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

पन्ना 19 दिसंबर। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा धान खरीदी केन्द्र ककरहटी की अव्यवस्थाओं के संबंध में मिल रही निरंतर शिकायतों के दृष्टिगत केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। कृषकों की तौल में गड़बड़ी, बारदाने की कमी और नमी एवं गुणवत्ता के नाम पर उपज में कटौती संबंधी शिकायत पर विधायक ने उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा तौल काटों की स्वयं बारीकी से जांच कर किसानों से संवाद भी किया। उपार्जन केन्द्र पर बोरियों के दोबारा वजन पर तौल में स्पष्ट विसंगतिया पाई गईं। किसानों द्वारा छाया और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने के बारे में अवगत कराया गया।

विधायक डॉ. वर्मा ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त कर कहा कि सभी किसानों को उनके परिश्रम की उपज की पूरी कीमत मिलेगी। लापरवाह अधिकारियों और बिचैलियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक द्वारा मौका स्थल से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर उपार्जन प्रक्रिया की सूक्ष्म जांच कराने के निर्देश दिए गए। तौल में हेराफेरी अथवा अवैध वसूली की पुष्टि होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने अविलंब केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं किसान सुविधाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।।

# उपार्जन केन्द्र प्रभारी तिवारी को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर। कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अमानगंज के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं उपर्जान केन्द्र प्रभारी रामशरण तिवारी को नोटिस जारी किया गया है।**

धान उपार्जन केन्द्र अमानगंज में तुलाई कार्य में अव्यवस्थाओं के संबंध में जारी नोटिस में उल्लेखित है कि केन्द्र प्रभारी द्वारा शासन की उपार्जन नीति अनुसार पंजीकृत पात्र कृषकों की उपज का नीति अनुसार उपर्जान न करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। गत 16 दिसम्बर को कृषकों के उपज उपार्जन में व्यवधान भी हुआ और किसानों को चक्काजाम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर जारी किए गए नोटिस का स्पष्ट कारणों सहित तीन दिवस में समक्ष में जवाब चाहा गया है अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही व दुराचरण तथा दण्ड प्रक्रिया के तहत दोषी मानकर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय सागर द्वारा भी धान भण्डारण के दौरान हुई अनियमितताओं के संबंध में पं. श्री छोटेलाल रावत वेयरहाउस (गोदाम संचालक) अमानगंज भारती रावत को गोदाम नंबर 20 की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा गोदाम में मैपिंग नहीं की जाएगी और न ही गोदाम में किसी प्रकार का स्कंध भण्डारण किया जाएगा। भविष्य में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### बीएलओ रीना को नोटिस जारी

पन्ना 19 दिसंबर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर मतदान केन्द्र क्रमांक 280 ठाकुरनपुरा की पदेन बीएलओ एवं प्राथमिक शिक्षक रीना पाल को दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस संबंध में दो दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने तथा बीएलओ कार्य की उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रीना पाल को नवीन मतदान केन्द्र ठाकुरनपुरा में बीएलओ नियुक्त कर तत्काल बीएलओ के कार्य संबंधी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन कार्यालय स्तर से संपर्क करने एवं फोन रिसीव नहीं करने पर यह स्पष्ट पाया गया कि नवनियुक्त बीएलओ द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति सजग न रहकर घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता बरती जा रही है।



# पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 21 से

## छत्रसाल खेल मैदान में होगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 19 दिसंबर। विगत कई वर्षों से पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की गुमनाम खेल प्रतिभाओं को सामने लाना रहा है। इसी के तहत आगामी 21 दिसंबर से पवई विधायक प्रहलाद लोधी के दिवंगत बेटे स्वर्गीय महेंद्र लोधी की स्मृति में पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होने जा रहा है।**

इस क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच टीकमगढ़ और नागौद की टीमों के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 70 ग्राम पंचायत स्तर की टीम और 16 संभागीय स्तर की टीम भाग लेंगी।

प्रत्येक दिन तीन-तीन मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट की जीतने वाली विजेता टीम को 51 हजार की राशि के साथ विजेता ट्रॉफी, तो वही उप विजेता टीम को 21 हजार की राशि के साथ में उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पवई विधायक एवं समस्त पवई विधानसभा के क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

# शीतलहर से बचाव के संबंध में आवश्यक तैयारियों के लिए एडवाइजरी जारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में बताया गया है कि माह दिसम्बर एवं जनवरी के दउरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है।**

इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है, जिससे जनमानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दउरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

**शीतलहर क्या है:-** शीतलहर एक मउसम संबंधी घटना है, जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएं चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनना चाहिए तथा कई परतों में वस्त्र धारण करना भी जरूरी है। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें। टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतो का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन सी युक्त फल व सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गो, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें अउर निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें। अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणो को नज़रअंदाज़ न करें।

हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षण:- तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना। शिशुओ में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपर्थिर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें अउर शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं।



# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र पाठक वेयर हाउस का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 19 दिसंबर। धान खरीदी केन्द्रों में केंद्र प्रभारियों द्वारा की जा रही अनियमितताओं एवं ग्रेडिंग के नाम पर किसानों से अधिक राशि वसूल करने की शिकायतें लगातार जन चर्चा व मीडिया के माध्यम से प्रसारित होने पर आज पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार ने गुनौर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विपणन साख सहकारी समिति द्वारा संचालित पाठक वेयर हाउस गुनौर में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण दौरान किसानों से रूबरू होकर धान खरीदी के संबंध में ग्रेडिंग के नाम पर ली जाने वाली राशि, भंण्डारण, धान की क्वालिटी एवं किसानों की परेशानियों को सुना जिसमें किसानों ने केन्द्र प्रभारी पर ट्राली के अंदर होने में भेदभाव के आरोप लगाए एक किसान ने शिकायत किया मेरी स्लाट की आज अंतिम तारीख है किंतु केंद्र प्रभारी द्वारा नंबर का बहाना करके मेरा ट्रैक्टर अंदर नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिसकी स्लाट की तारीख पहले है उन किसानों की धान तुलाई पहले कराएं एवं छोटे सीमांत किसान जिनकी कम धान हैं उन्हें प्राथमिकता दें ग्रेडर एवं मजदूरों की संख्या बढ़ाएं ताकि किसान की धान तुरंत तुल सके उसे अधिक समय इंतजार ना करना पड़े। केंद्र प्रभारी ने वेयर हाउस सुबह जल्दी न खुलने व लाइट उपयोग न करने के कारण भंडारण में देरी होना बताया। जिस पर निर्देश दिए कि वेयरहाउस सुबह जल्दी खोलें एवं बाहर से कोई प्रकाश दिखाकर रात्रि में भी भंडारण करने की व्यवस्था करें। ताकि किसानों को अधिक समय न रुकना पड़े एवं भीड़ न बढ़े। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि किसी भी किसान से ग्रेडिंग के नाम पर निर्धारित 40 रु से अधिक यदि लिया जाता है उसकी जानकारी व्यक्तिगत दें। निरीक्षण दौरान कलेक्टर उषा परमार के साथ संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र धुर्वे, एसडीएम अनिल तलैया तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय, नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, जिला विपणन अधिकारी एस एल ध्रुव, गुनौर पटवारी प्रदीप मौर्य उपस्थित रहे।

### जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी की पदस्थापना

पन्ना 19 दिसंबर। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर के माध्यम से चयनित 5 नवीन जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। पन्ना जिले में सुमित तोमर को बतौर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी पदस्थ किया गया है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, कृषकों से की चर्चा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 दिसंबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को अमानगंज में धान उपार्जन केंद्रों का सघन एवं औचक निरीक्षण किया तथा इन खरीदी केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर किसानों की सुविधाओं व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

खरीदी केंद्रों पर बगैर ग्रेडर के धान खरीदी न करने और किसानों से ग्रेडिंग एवं तुलाई के लिए निर्धारित 40 रुपए की राशि प्राप्त करने के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर धान क्वालिटी एवं रकबा अनुसार उत्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपार्जन केंद्र तारा झरकुआं में समक्ष में ग्रेडिंग मशीन से धान की सफाई कार्य का अवलोकन किया। केंद्र प्रभारी महेंद्र कुशवाहा ने जानकारी दी कि अब तक यहां 8400 क्विंटल धान की खरीदी व 3200 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। कलेक्टर ने उपार्जित स्कंध के समुचित भंडारण तथा धान के स्लॉट बढ़ाने, उठाव के लिए वाहन व्यवस्था इत्यादि के निर्देश दिए। खरीदी केन्द्र पर उपस्थित किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि यहां किसी भी प्रकार की समस्या नहीं



है और सुचारू रूप से निर्बाध तरीके से उपार्जन का कार्य संचालित है। महेबा के श्री रामजानकी माया वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा खरीदी के तत्काल बाद परिवहन तथा किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत सर्टिफाइड डिजिटल मॉइश्चर मीटर से पर्ची काटने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिवस से श्रमिकों की संख्या और ग्रेडर बढ़ाएं। केंद्र को सुबह 8 बजे तक अनिवार्य रूप से खोलने की व्यवस्था की जाए। छोटे किसान एवं पूर्व से स्लॉट बुक करा चुके किसानों की उपज की तौल प्राथमिकता से कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान किसानों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया तथा आगामी दिवस में स्लॉट बढ़ाने का आश्वासन भी दिया गया।

### बकाया राशि का शीघ्र करें भुगतान

कलेक्टर श्रीमती परमार ने देवेन्द्रनगर के बड़ागांव खरीदी केंद्र का भी मुआयना किया और समक्ष में तुलाई करवाकर वारदाना उपलब्धता व ग्रेडिंग क्वालिटी की जानकारी ली। इस दौरान पल्लेदारों के गत वर्ष की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करवाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रेडिंग धान की गुणवत्ता भी परखी और उपस्थित अधिकारियों से स्कंध के आवक, उठाव व परिवहन एवं भंडारण व्यवस्था के बारे में पूछा तथा किसानों के भुगतान प्रक्रिया की जानकारी भी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, एसडीएम अनिल तलैया, तहसीलदार रत्नराशि पांडेय एवं ममता मिश्रा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक अमित श्रीवास्तव तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं कल्लू पटेल भी उपस्थित रहे।